**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 25 जुलाई, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष श्रीमती गुंजन सिंह के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की।

शिष्टमंडल ने राज्य में महिला अपराधों की बढ़ती घटनाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्यपाल महोदय से झारखण्ड राज्य महिला आयोग के गठन हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष श्री विकास कुमार महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय से शिष्टमंडल ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक पहल करने के अनुरोध संबंधी एक ज्ञापन समर्पित किया।

---